**आकाशवाणी के समाचार बुलेटिन**

7738. **श्री मूलचन्द डागा :** क्या सूचना और प्रसारण मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आकाशवाणी द्वारा प्रतिदिन कितने समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाते है और क्या पिछले वर्ष के बुलेटिनों की संख्या की तुलना में उनमे कुछ वृद्धि हुई है ;

(ख) समाचार सेवा प्रशाखा द्वारा तथा विदेश सेवा प्रभाग द्वारा पृथक-पृथक कितने बुलेटिन प्रसारित किये जाते है ; और

(ग) क्या क्षेत्रीय भाषाओं में बुलेटिन भी आकाशवाणी के विदेश सेवा प्रभाग द्वारा प्रसारित किये जाते हैं और यदि हाँ, तो उन भाषाओं तथा केन्द्रो के नाम क्या हैं जहा से उन्हें प्रसारित किया जाता है ?

**सूचना और प्रसारण मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्रीमती नन्दिनी सतपथी) :** (क) आजकल प्रतिदिन 228 समाचार बुलेटिन प्रसारित किये जाते है। पिछले वर्ष के अन्त में इनकी संख्या 208 थी।

(ख) प्रतिदिन प्रसारित किए जाने वाले 228 समाचार बुलेटिनों में से, 180 गृह सेवाओं के अन्तर्गत 48 विदेश सेवाओं के अन्तर्गत प्रसारित किए जाते हैं।

(ग) विशेषतया विदेशो के श्रोताओं के लिए निम्नलिखित भारतीय भाषाओ मे बुलेटिन प्रसारित किए जाते हैं :—

| केन्द्र का नाम | किन भाषाओं में प्रसारित किए जाते हैं |
|---|---|
| दिल्ली | गुजराती, हिन्दी, उर्दू और तमिल। |
| बम्बई | गुजराती और कोंकणी |
| कलकत्ता | बंगला |
| मद्रास | तमिल |

**सरकारी कर्मचारियों के लिये हिन्दी शिक्षण योजना**

7739. **श्री मूलचन्द डागा :** क्या गृह मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्र ने हिन्दी शिक्षण योजना के अन्तर्गत संचालित कक्षाओ मे वर्ष 1969-70 में कितने कर्मचारियों को दाखिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया था और उस सम्बन्ध मे कहा तक सफलता प्राप्त हुई है ; और

(ख) इस सम्बन्ध मे वर्ष 1970-71 के लिये हिन्दी शिक्षण के लिए कितने कर्मचारियो का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और जुलाई, 1970 से आरम्भ हुए सत्र के लिये कितने कर्मचारियों को पंजीकृत किया गया है ?

**गृह मन्त्रालय और कार्मिक विभाग में राज्य मंत्री (श्री राम निवास मिर्धा) :** (क) सन् 1969-70 मे हिन्दी शिक्षण योजना के अन्तर्गत हिन्दी मे प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियो के नामाकन का लक्ष्य 35,000 निश्चित किया गया था। उस वर्ष 40,000 से अधिक कार्मचारियो के नाम दर्ज किये गये।

(ख) सन् 1970-71 के लिए निश्चित किया गया लक्ष्य भी वही था जो सन् 1969-70 के लिए निश्चित किया गया था अर्थात् 35,000। प्रत्येक वर्ष दो सत्र जुलाई तथा जनवरी के महीनों मे शुरू होते हैं। जो सत्र जुलाई, 1970 में शुरू हुआ था उसमें लगभग 19,700 कर्मचारी दर्ज किए गए थे। जनवरी, 1971 से शुरू हुए सत्र में लगभग 17,000 कर्मचारी दर्ज किए गये।

**ARC's Recommendation re : Elimination of Dependence on Deputationists in Public Sector**

7740. **SHRI ERASMO DE SEQUEIRA:** Will the PRIME MINISTER be pleased to state :

(a) whether the recommendation of the